'पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को उच्च गुणवत्ता का बनाकर पेश करें मिसाल'

शासन के अधिकारियों ने शनिवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया।

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को उच्च गुणवत्ता का बनाकर इसे देश में एक मिसाल के रूप में पेश करने को कहा है। उन्होंने ये निर्देश पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का हवाई व स्थलीय सर्वेक्षण कर लौटे अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टंडन, अपर मुख्य सचिव गृह व मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा अवनीश कुमार अवस्थी और अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार की संयुक्त टीम को दिए।

इन अधिकारियों ने सीएम को बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का भौतिक

सीएम ने औद्योगिक विकास विभाग व यूपीडा के अफसरों को दिए निर्देश

कार्य 62% व मिट्टी का कार्य 92% पूरा हो गया है। जनवरी 2021 में एक्सप्रेस-वे का मुख्य मार्ग यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने तेजी से काम पूरा कराने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने बाराबंकी, सुल्तानपुर, आजमगढ़ और गाजीपुर जिलों में अलग-अलग पैकेजों में एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों की स्थलीय समीक्षा की। इस दौरान निर्माणकर्ता कंपनियों के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। ब्यूरो